भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

29.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1651 का उत्तर

तमिलनाडु से प्रारंभ होने वाली/होकर गुजरने वाली रेलगाड़ियों में विद्युत फिटिंग

1651. डॉ. रानी श्रीकुमार:
श्री सी. एन. अन्नादुरई:
श्री जी. सेल्वम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु से प्रारंभ होने वाली और वहाँ से होकर गुजरने वाली रेलगाड़ियों में विद्युत फिटिंग और ऑन-बोर्ड विद्युत प्रणालियों के रखरखाव तथा विश्वसनीयता का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त रेलगाड़ियों में प्रकाश व्यवस्था, चार्जिंग पॉइंट, वातानुकूलन, पंखों और अन्य विद्युत फिटिंग के संबंध में प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा क्या है तथा इस पर वर्ष-वार क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) सरकार द्वारा यात्री सुविधा और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कोचों में विद्युत उपकरणों के निवारक रखरखाव, आवधिक निरीक्षण और समय पर प्रतिस्थापन को सुदृढ़ करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं;

(घ) क्या तमिलनाडु में उपयोग किए जा रहे रेलवे कोचों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियां और उन्नत रखरखाव सुविधाएं शुरू की जा रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) तमिलनाडु से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए सुरक्षित, आरामदायक और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने तथा कोच अवसंरचना के आधुनिकीकरण के लिए आगे क्या कदम उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ड.): सवारी डिब्बों की विद्युत फिटिंग और ऑनबोर्ड विद्युत प्रणालियों सहित सवारी डिब्बों का निरीक्षण और आवधिक अनुरक्षण निर्धारित अनुरक्षण नियमावलियों के अनुसार किया

जाता है। सभी हितधारकों के परामर्श से अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन (आरडीएसओ)/सवारी डिब्बा कारखाना (आईसीएफ)/रेल डिब्बा कारखाना (आरसीएफ) द्वारा विद्युत फिटिंग और ऑनबोर्ड विद्युत प्रणालियों के लिए विशिष्टियां विकसित की जाती हैं। फीडबैक और विद्युत उपकरणों की क्षमता के आधार पर अनुरक्षण नियमावलियां तैयार की जाती हैं और समय-समय पर अद्यतन की जाती हैं। तमिलनाडु राज्य में दक्षिण रेलवे सहित संपूर्ण भारतीय रेल में इन विशिष्टियों और नियमावलियों का अनुपालन किया जाता है।

विद्युत फिटिंग/उपकरणों को उनकी जीवट आयु के पूरा होने/स्थिति के आधार पर प्रतिस्थापित किया जाता है।

विश्वसनीयता और संरक्षा में और सुधार लाने के लिए आरडीएसओ और क्षेत्रीय रेलों द्वारा समय-समय पर संरक्षा लेखापरीक्षा भी की जाती है।

इसके अलावा, विद्युत उपकरणों की विश्वसनीयता में सुधार लाने के लिए क्षेत्रीय रेलों द्वारा विशेष संरक्षा अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों की रेलवे बोर्ड स्तर पर नियमित रूप से निगरानी की जाती है।

यात्रियों संतुष्टि स्तर में सुधार लाने के लिए शिकायतों का विस्तृत विश्लेषण किया जाता है। 2025-26 के दौरान क्रियान्वित सुधारात्मक उपायों से शिकायतों की संख्या प्रतिदिन 100 सवारी डिब्बा से घटकर केवल 1.20 शिकायतें रह गई है।

भारतीय रेल ने अन्य विश्वव्यापी उपलब्ध प्रौद्योगिकियों के अनुरूप लगातार प्रौद्योगिकी को अपग्रेड किया है। तमिलनाडु राज्य में दक्षिण रेलवे सहित भारतीय रेल में निम्नलिखित आधुनिक प्रौद्योगिकियां और उन्नत अनुरक्षण सुविधाएं शुरू की गई हैं:

(i) पारंपरिक इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट (ईएमयू)/मेनलाइन मल्टीपल इलेक्ट्रिकल यूनिट (एमईएमयू) रेक को नवीनतम 3-फेज ईएमयू/मेमू से प्रतिस्थापित किया गया है, जो नवीनतम 3-फेज़ प्रणोदन प्रणाली, पुनर्योजी ब्रेकिंग, गाड़ी नियंत्रण और प्रबंधन प्रणाली (टीसीएमएस), जन उद्घोषणा और यात्री सूचना प्रणाली (पीएपीआईएस), आपातकालीन टॉक बैक यूनिट (ईटीबी) और आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

(ii) तमिलनाडु राज्य सहित भारतीय रेल में वंदे भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस गाड़ी सेवाएं शुरू की गई हैं, जो आधुनिक प्रौद्योगिकियों और एलईडी लाइट, सीसीटीवी, स्मोक डिटेक्टर और ईटीबी जैसी यात्री सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

(iii) सवारी डिब्बों की एलईडी लाइटों की विशिष्टियों को ईएन45545 के अनुसार खतरनाक स्तर-3 (एचएल) के अनुरूप बनाने के लिए संशोधित किया गया है। इसके अलावा, एसबीसी पैनल में विद्युत उपकरणों के अग्नि रोधी मानक (खतरनाक स्तर) को एचएल-2 से एचएल-3 में अपग्रेड किया गया है।

(iv) ऑनबोर्ड फिट किए हुए बिजली के स्विचगियर की नवीनतम उपकरणों से थर्मल स्कैनिंग की जाती है।

(v) कंप्रेसर के लिए वीवीवीएफ (वेरिएबल वोल्टेज वेरिएबल फ्रीक्वेंसी) ड्राइव कंट्रोल की सुविधा को शामिल करने के लिए आरएमपीयू (रूफ माउंटेड एयर कंडीशनर पैकेज यूनिट) की विशिष्टि को संशोधित किया गया है, जिससे दक्षता में सुधार हुआ है।

यात्रियों को आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए, हाल ही में चेन्नै उपनगरीय खंड में एक वातानुकूलित ईएमयू रेक भी शुरू किया गया है।

*****